<><><><><><><>

- सोनिया गांधी और राहलु गांधी और अन्य के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय की अभियोजन शिकायत पर सुनवाई पूरी।
- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी के शहीद द्वीप के दौरे के अवसर पर छः कांग्रेसी भारतीय जनता पार्टी में शामिल।
- देश भर में मनाया जा रहा है श्रावण मास का पहला सोमवार। शिवालयों में बम—बम भोले की गूंज।

<><><><><><><>

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय की अभियोजन शिकायत पर सुनवाई पूरी कर ली है। अदालत उनतीस जुलाई को इस मामले में अपना फैसला सुनायेगी। यह मामला नेशनल हेराल्ड मामले में पूरक अभियोग—पत्र पर संज्ञान लेने से संबंधित था। इस मामले में कांग्रेस के नेताओं के विरुद्ध धनशोधन के आरोप लगाए गए हैं। सभी आरोपियों ने आरोप—पत्र के संज्ञान पर प्रवर्तन निदेशालय की याचिका का विरोध किया है और लगाए गए आरोपों का खंडन किया है।

<><><><><><><>

नीति आयोग ने वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का तीसरा संस्करण जारी किया। आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने आज नई दिल्ली में आयोग की यह त्रैमासिक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में वैश्विक मांग – आपूर्ति के दृष्टिकोण, क्षेत्रीय प्रदर्शन और उभरते व्यापार अवसरों के साथ देश की व्यापार स्थिति की समग्र स्थिति की जानकारी दी गई है।

<><><><><><><>

एक्सियॉम—4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। स्पेसएक्स कंपनी ने जानकारी दी है कि क्रू कैप्सूल ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया है। कंपनी ने कहा कि अंतरिक्ष यान कल दोपहर बाद लगभग तीन बजे कैलिफ़ोर्निया तट पर उतरेगा। वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सहयोगियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिन की निगरानी में रखा जाएगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में "डायरिया के कारण होने वाली बाल मृत्यु शून्य" के लक्ष्य के साथ "डायरिया रोको अभियान दो हजार पच्चीस" लागू कर रहा है। देश में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में लगभग दस प्रतिशत मौतें डायरिया के कारण होती हैं और अधिकांश मौतें गर्मी और मानसून के मौसम में होती हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सोलह जुलाई से इक्कतीस अगस्त तक डायरिया रोको अभियान लागू किया जाएगा। इस अभियान की मुख्य गतिविधियों में डायरिया मामले के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधानों को मजबूत करना, ओ आर एस और ज़ीन कॉर्नर की स्थापना शामिल है। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, एलएचवी द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने के लिए जागरुक किया जाएगा।

<><><><><><><>

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ शहीद द्वीप का दौरा किया। शहीद द्वीप पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। शहीद द्वीप स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं में एकता और समर्पण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी

सदस्यों से क्षेत्र के पिछड़े और वंचित नागरिकों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान छह कांग्रेस कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके शामिल होने से शहीद द्वीप में जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

आज श्रावण महीने का पहला सोमवार है। पूरे देश के साथ–साथ अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की राजधानी श्री विजयपुरम् में भी श्रद्धालुओं की शिवालयों में भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों में "बोल बम" के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। मंदिरों में भगवान शिव की विशेष पूजन–अर्चना का आयोजन भी किया गया है। सावन के पहले सोमवार के इस पावन दिन पर पूरा देश शिव भक्ति में लीन नजर आ रहा है। आचार्य शिव कुमार द्विवेदी ने श्रावण मास की महत्ता बताते हुए कहा –

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई की कम्पार्टमेंट परीक्षाएँ द्वीपों में कल से शुरू होंगी। कक्षा बारहवीं की परीक्षा कल होगी, जबकि कक्षा दसवीं के छात्रों की परीक्षा कल से बाईस जुलाई तक आयोजित की जाएगी। केंद्रशासित प्रदेश से कक्षा दसवीं और बारहवीं में कम्पार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं में शामिल होने वाले संभावित छात्रों की कुल संख्या एक हजार दो सौ तिरपन है, जिनमें कक्षा दसवीं में पांच सौ चौहत्तर और कक्षा बारहवीं में छः सौ उन्यासी विद्यार्थी शामिल हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कुल बारह परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सी बी एस ई द्वारा परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक और पुलिस स्टेशन को भी संरक्षक के रूप में चिन्हित किया गया है। इन परीक्षाओं की पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएसई, चेन्नई द्वारा केंद्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है।

<><><><><><><>

वन महोत्सव के अंतर्गत गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आज में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और वन विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कौशिक चंदा, न्यायाधीश कृष्ण राव तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच के रजिस्ट्रार राशिद आलम उपस्थित थे। सभी न्यायाधीशों ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और छात्रों के साथ संवाद करते हुए स्थायी और पर्यावरण–अनुकूल प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या रूप रत्ना ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों और विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने भाग लिया। रजिस्ट्रार–सह–सदस्य सचिव राशिद आलम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

<><><><><><><>